हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

यमुना नदी को स्वच्छ बनाने के लिए किशाऊ बांध परियोजना पर छह राज्यों में सहमति बन गई है। इनमें हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। यह सहमति कल गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में, नई दिल्ली में आयोजित बैठक में बनी।

सहमति के अनुसार, परियोजना की 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी। शेष 10 प्रतिशत राशि छह राज्य मिलकर वहन करेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार, यह फैसला यमुना को स्वच्छ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए ने आगामी नीट परीक्षा को देखते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों को घोटालेबाज़ों से सावधान रहने का अनुरोध किया है। एजेंसी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि घोटालेबाज़ लोग टेलीग्राम पर ऐसे चैनल चला रहे हैं जिनमें 21 तारीख़ को प्रस्तावित परीक्षा के प्रश्न-पत्र साझा करने के लिए 14 हज़ार से 25 हज़ार रूपए तक की मांग की जा रही है। एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परिक्षा बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न हो।

एनटीए यह पक्का करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि कोई भी गड़बड़ी न हो। हर प्रश्न-पत्र और उसमें शामिल हर सवाल को पूरी तरह सुरक्षित तरीके से तैयार किया गया है। हमने सामान्य सुरक्षा उपायों के अलावा अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम भी किए हैं।

एनटीए ने कई एजेंसियों की मदद ली है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न हो।

****

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने जींद में मीडिया से बातचीत करते हुए महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा में महिलाओं की सदस्यता बढ़ रही है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल को जन कल्याण का दौर बताया।

****

अंबाला छावनी में 1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक बनकर तैयार है और बहुत जल्द इसका उद्घाटन होगा।

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कल देर शाम शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर में लाइट एंड साउंड शो का अवलोकन करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मारक लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से 22 एकड़ में बना है जिसमें 22 गैलरियों में आजादी की पहली लड़ाई से जुड़े इतिहास को विभिन्न माध्यमों से और बेहद आकर्षक तरीकों से प्रदर्शित किया जाएगा।

श्री अनिल विज ने बताया कि शहीद स्मारक के स्मारक टॉवर सहित पांच अलग-अलग स्क्रीन पर प्रदर्शित किए जाने वाले लाइट एंड साउंड शो को बेहद अलग अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा।

****

कल दूरसंचार विभाग के हरियाणा परिमंडल के नियंत्रक संचार लेखा कार्यालय द्वारा अंबाला छावनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कार्यालय के कर्मचारियों के साथ-साथ डाक विभाग और बीएसएनएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया।

इस अवसर पर संचार लेखा नियंत्रक शिल्पी सिन्हा ने अधिक से अधिक लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की।

****

पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 प्रतिभाशाली योग खिलाड़ियों को योगासन खेल संघ द्वारा सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में अंडर-18 बालिका वर्ग में अर्पिता ने स्वर्ण पदक, समृद्धि ने रजत पदक और 18 से 55 वर्ष पुरुष वर्ग में बलवीर ने कांस्य पदक हासिल किया।

****

गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर कल पंचकूला में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और कार्यक्रम स्थल पर लगने वाली छबील का शुभारंभ भी करेंगे।

मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में संत-महापुरुषों की भी सहभागिता रहेगी। उन्होंने बताया कि यह राज्यस्तरीय कार्यक्रम सेमिनार के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें वक्ताओं द्वारा गुरु अर्जुन देव जी की शहादत और सिखों के समृद्ध इतिहास पर आधारित व्याख्यान दिए जाएंगे।कार्यक्रम के उपरांत लंगर भी लगाया जाएगा।

****